प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

29.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा है कि दुनियाभर में पैट्रोल और डीजल का संकट बढ़ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने उम्मीद जताई कि कोरोना काल की तरह इस मौजूदा संकट से भी भारत उबर जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय के साथ भारत के संबंधों और तमाम देशों से मिल रहे सहयोग के अलावा भारत के बढ़ रहे सामर्थ्य से देश इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष को भी इस मुद्दे पर राजनीति न करने की सलाह दी है। राष्ट्र निर्माण में माई भारत संगठन की भूमिका की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम देश के युवाओं को सकारात्मक कार्यों से जोड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से फिटनेस पर भी ध्यान देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा करते रहने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि इन संदेशों के कारण भी दूरदराज के लोग मन की बात कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुनते हैं

मन की बात–मण्डी

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मण्डी में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी इस दौरान मौजूद रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम देशवासियों को जागरूक, जिम्मेदार और राष्ट्रहित में सक्रिय बनने की प्रेरणा देता है। भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने मन की बात कार्यक्रम को अनूठी पहल बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से देश का सर्वोच्च नेतृत्व सीधे करोड़ों देशवासियों से संवाद करता है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने शिक्षा विभाग के लिए 9 हजार 6 सौ 66 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया है। शिमला जिले में ठियोग विधानसभा क्षेत्र के सरोग विद्यालय में आज उन्होंने कहा कि कठिन वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्री ने कोटखाई में लोक निर्माण विभाग के स्टाफ क्वार्टरस का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि बीते 3 वर्षों में जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं।

अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा व सम्मान के लिए सशक्त कानून की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने विभिन्न अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि देश में करीब 50 प्रतिशत बुजुर्ग भावनात्मक, शारीरिक या आर्थिक शोषण का सामना कर रहे हैं जिनमें से अधिकांश मामलों में अपराधी उनके अपने परिवार के सदस्य होते हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण केवल एक सामाजिक योजना नहीं बल्कि नैतिक दायित्व और राष्ट्रीय प्राथमिकता है।

टीकाकरण

प्रदेश के विभिन्न जिलों में हयूमन पेपीलोमा वायरस टीकाकरण अभियान आज से शुरू हो गया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष के आयुवर्ग की किशोरियों को सर्विकल कैंसर जैसी गम्भीर बीमारियों से सुरक्षित करना है। बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार ने अभियान के शुभारम्भ पर कहा कि समय पर टीकाकरण करवाना इस बीमारी की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है। हमीरपुर में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से इस टीकाकरण अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत 5 और 12 अप्रैल को भी टीकाकरण किया जाएगा ताकि सभी पात्र किशोरियों को इसका लाभ सुनिश्चित किया जा सके।